लेबर रूम के सामने प्रसूताओं की सोनोग्राफी कराने की व्यवस्था करें : सोनी

बीकानेर, (कासं)। प्रिंस बिजय सिंह मैमोरियल अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं के कुशल प्रबंधन को लेकर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी द्वारा पिछले सप्ताह से विभागवार बैठक लेकर व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इस क्रम में सोमवार को स्त्री एवं प्रसूती रोग के विभागाध्यक्ष एवं यूनिट प्रभारियों, एमएनडीवाई, एमएनजेवाई नोडल अधिकारियों, नर्सिंग ऑफिसर, सफाई एवं सुरक्षा अधिकारियों तथा आईटी सेल के साथ प्राचार्य कक्ष में एक बैठक बुलाई। बैठक के दौरान प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष खजोटिया को कहा कि आपके विभाग में स्टाफ, सफाई, सुरक्षा, दवाईयों की उपलब्धता, जांचों की स्थिति आदि को लेकर को कोई भी कमी हो उसका प्रस्ताव बनाकर जल्द भिजवाएं। उसे अतिशीघ्र पूरा किया जायेगा। प्रसूताओं के उपचार में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत अधिक से अधिक पंजीकरण किया जाना सुनिश्चित हो।

डॉ. खजोटिया ने अपने विभाग की जानकारी देते हुए बताया कि स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग में कुल पांच यूनिट कार्यरत है। विभाग के सभी यूनिट प्रभारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आपातकालीन एवं सामान्य ओपीडी मिलाकर लगभग 300 प्रसूताएं प्रतिदिन दिखाने आती है और हमारे यहां 60 फीसदी नॉर्मल

सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं यूनिट प्रभारियों, नोडल अधिकारियों, नर्सिंग ऑफिसर की बैठक ली।

डिलवरी तथा 40 फीसदी सिजेरियन डिलवरी होती है। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के तहत मिलने वाले संपूर्ण लाभ मरीजों को ऑनलाइन पंजीकरण के अनुसार दिए जा रहे हैं। इन सभी प्रबंधन के बावजूद बढ़ते मरीजों के भार को देखते हुए कुछ आवश्यकताएं है जिसका प्रस्ताव बनाया जाकर तुरंत कॉलेज प्रशासन को भेज दिया जायेगा।

सोमवार को स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने पांचवी यूनिट प्रभारी डॉ. मोनिका सोनी को निर्देश दिए की विभाग में नि:संतान दम्पतियों हेतु आईवीएफ उपचार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रयास तेज किए जाए ताकि आमजन को बाहर महंगा उपचार करवाने की आवश्यकता नहीं रहे। इस पर डॉ. मोनिका सोनी ने कहा कि इस दिशा में अति शीघ्र कार्य कर प्रस्ताव कॉलेज प्रशासन को भिजवा दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. मोनिका सोनी स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इन्होंने आईवीएफ उपचार के लिए विशेष प्रशिक्षण लिया हुआ है।

प्राचार्य डॉ. सोनी ने एमएनजेवाई नोडल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि लेबर रूम के सामने ही प्रसूताओं की सोनाग्राफी करवाने की तुरंत व्यवस्था की जाए। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष को कहा कि डॉ. अनीता शर्मा को विभाग की नोडल अधिकारी बनाकर विभाग के कार्यो का और अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधन करें। साथ ही कॉलेज एवं पीबीएम प्रशासन के बीच विभागीय समन्वय सुचारू रहे।.एचआईवी फिमेल की सर्विक्स की नियमित स्क्रीनिंग करने के निर्देश एआरटी विभाग को दिए।

उप अधीक्षक डॉ. गौरीशंकर जोशी को कहा कि मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय स्थापित कर

- **दवाईयों की उपलब्धता, जांचों की स्थिति आदि को लेकर कोई भी कमी हो तो उसका प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए**
- **स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में ब्लड सप्लाई की कमी नहीं होनी चाहिए**

डिलवरी केसेज को समय पर रैफर करवाना सुनिश्चित कराएं

ब्लड बैंक प्रभारी को कहा कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में ब्लड सप्लाई की कमी नहीं होनी चाहिए। खून की कमी से किसी भी प्रसूता की जान नहीं जाए। सुरक्षा अधिकारी को कहा कि सुरक्षा गार्ड को ड्यूटी के दौरान पांबद करें की भीड़ का नियंत्रण प्रभावी ढंग से करें। एमएनजेवाई नोडल अधिकारी को कहा कि अर्जेन्ट लिखी हुई फाइलों की जांचें तुरंत की जाए। नि:शुल्क दवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. शिवशंकर झंवर को कमी आपूर्ति वाली मीजोपोस्ट एवं कैल्शियम की आपूर्ति शीघ्र करने के निर्देश टेलिफोन पर दिए।

नर्सिंग मैटर्न अधिकारी को कहा कि सभी नर्सिंग स्टाफ को मरीजों एवं परिजनां से सद्व्यवहार रखने हेतु पाबंद करे साथ ही सुपरवाइजर्स को एक्टीव मोड पर रखें।

विदेश भेजने के नाम पर 4 लाख की ठगी

हनुमानगढ़, (कासं)। वर्क परमिट वीजा दिलवाने का झांसा देकर एक युवती से चार लाख रूपये ठगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में टिब्बी पुलिस थाना में एक महिला और उसकी बेटी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

मनप्रीत कौर (23) पुत्री बलजीत सिंह जटसिख, निवासी वार्ड नंबर 19, टिब्बी ने अपने पिता के साथ पुलिस थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी कि वर्ष 2023 में वह श्रीगंगानगर स्थित एस.डी. बिहाणी कॉलेज में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी और हैवन पीजी, उद्यम सिंह चौकी श्रीगंगानगर में निवास करती थी। वहीं उसकी मुलाकात रेखा रानी पत्नी कृष्ण कुमार जाट, निवासी सखी रोड, घड़साना और उसकी पुत्री नेहा चौधरी से हुई। रेखा रानी उसी पीजी में रह रही थी और नेहा आईएलट्स की कोचिंग कर रही थी।

परस्पर मेलजोल के चलते मनप्रीत का उनके घर आना-जाना शुरू हो गया। इसी दौरान रेखा रानी ने मनप्रीत को वीजा फाइल सीधे लगाने और वर्क परमिट वीजा दिलवाने का झांसा दिया। उसने 21 लाख रूपए में वीजा लगवाने की बात कही। जिसमें से पांच लाख रूपए अग्रिम देने की शर्त रखी। मनप्रीत ने 5 फरवरी 2024 को गवाहों की मौजूदगी में रेखा रानी और उसकी ऑस्ट्रेलिया निवासी पुत्री स्नेहा चौधरी को चार लाख रूपए नकद दिए। इसके बाद भी वीजा संबंधी कोई प्रक्रिया नहीं हुई। पूछताछ करने पर आरोपी महिला टालमटोल करने लगी। बाद में एक लाख रूपए फोन पे के माध्यम से लौटाए लेकिन शेष राशि देने से इनकार कर दिया।

सार-समाचार

नगर स्थापना दिवस तैयारी बैठक

नगर स्थापना दिवस की तैयारियों से संबंधित बैठक को अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर नगर के 538वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के सहयोग विभिन्न संस्थाओं द्वारा 26 से 29 अप्रैल तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसकी तैयारियों से संबंधित बैठक सोमवार को अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि राव बीकाजी संस्थान, लक्ष्मीनाथ मंदिर पर्यावरण विकास समिति एवं नगर थरपणा उछब समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की जायेगी। राव बीकाजी संस्थान द्वारा 26 से 28 अप्रैल को सुदर्शन कला दीर्घा में क्लासिक रेडियो प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसी श्रृंखला में 27 को नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम में लोक गीत परम्परा पर संगोष्ठी और गायन कार्यक्रम, 28 अप्रैल को नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरिय में त्रिभाषा काव्य संगम, इसी दिन होटल लक्ष्मी निवास पैलेस में मीडिया का बदलता स्वरूप विषयक विचार गोष्ठी तथा 29 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से राव बीकाजी प्रतिमा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जायेगा। लक्ष्मीनाथ मंदिर पर्यावरण विकास समिति द्वारा 27 अप्रैल को लक्ष्मीनाथ मंदिर में चंदा महोत्सव तथा 28 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। इसी श्रृंखला में देवस्थान विभाग द्वारा 29 अप्रैल को लक्ष्मीनाथ मंदिर एवं देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।

इलेक्ट्रिक साइकिल चोर गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस ने एक युवक को इलेक्ट्रिक साइकिल चोरी करने के मामले में हिरासत में लिया है। युवक सिर्फ इलेक्ट्रिक साइकिल चोरी नहीं करता था। बल्कि घरों में घुसकर सोने-चांदी के जेवर चोरी करके लेकर जाता था। पुलिस के अनुसार पिछले दिनों एक युवक ने अपनी इलेक्ट्रिक साइकिल चोरी होने की एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने इलेक्ट्रिक साइकिल के साथ ही करीब 30 चोरियों का राज खोल दिया।

उरमूल डेयरी बूथ बने अवैध कब्जों का अड्डा व जाम की वजह

बीकानेर, (कासं)। शहर में उरमूल डेयरी बूथ अब महज दूध बेचने तक सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि अवैध कब्जों और किराये की दुकानों के रूप में उभरने लगे हैं। शहर में 250 से अधिक बूथों में से 50 से अधिक बूथ अपनी निर्धारित जगह से हटकर यातायात के मुख्य मार्गो पर आ डटे हैं। इनमें से कई पर न्यायालय से हटाने के आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जिले में बूथों की संख्या करीब 250 है। इन बूथों को शहर में दूध और अन्य दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति के लिए विभिन्न स्थानों पर नियमानुसार आवंटित किया गया था। लेकिन विशेष पड़ताल में यह सामने आया कि इन बूथों में से 50 से अधिक बूथ अपने निर्धारित स्थान से हटकर दूसरी जगहों पर स्थापित हो गए हैं। कई बूथों ने सड़कों, अस्पतालों के बाहर और ट्रैफिक के

- **शहर में 250 से अधिक बूथों में से 50 से अधिक बूथ अपनी निर्धारित जगह से हटकर यातायात के मुख्य मार्गो पर आ डटे हैं**

व्यस्ततम क्षेत्रों में स्थान बना लिया है जिससे यातायात में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। खास तौर पर रोडवेज, पीबीएम हॉस्पिटल रोड, मेडिकल कॉलेज चौराहा, अम्बेडकर सर्किल, भीमसेन सर्किल और शास्त्रीनगर रोड जैसे इलाकों में डेयरी बूथ जाम की वजह बन रहे हैं।

कुछ बूथों के खिलाफ न्यायालय द्वारा हटाने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन उन आदेशों की भी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही है बल्कि जनता की परेशानी को अनदेखा करने का गंभीर उदाहरण भी है। अम्बेडकर सर्किल से शास्त्रीनगर जाने वाले मार्ग पर इस प्रकार के कई डेयरी बूथ हैं, जिनके खिलाफ निगम कोई कार्रवाई तक नहीं कर रहा।

डेयरी बूथ संचालकों ने सिर्फ जगह ही नहीं बदली, कई डेयरी बूथों ने निर्धारित साइज से बड़ी संरचना खड़ी कर ली है। नगर निगम की अनदेखी के चलते अब बूथों के चारों तरफ टीनशेड, काउंटर और बोर्ड भी नजर आते हैं। उरमूल डेयरी के प्रबंध निदेशक बाबू लाल बिश्नोई ने इस बात को स्वीकार किया है कि कई डेयरी बूथ अपनी निर्धारित जगह पर नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर निगम और संबंधित विभाग को सूचित भी किया गया है।

अवैध पिस्टल व कारतूस सहित दबोचा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जवाहर नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 पिस्टल व कारतूसों सहित एक युवक को दबोचा। जानकारी के अनुसार जवाहर नगर पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 बोर का 1 पिस्तौल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक जवाहर नगर थाना पुलिस की टीम ने बारहमासी नहर के पास गश्त में दौरान एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस को देखकर इधर-उधर भागने लगा। इस पर पुलिस ने युवक को रोक पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम कपिल कुमार निवासी गोलूवाला हनुमानगढ़ बताया। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो युवक के कब्जे से एक 32 बोर का अवैध देसी पिस्तौल व 2 कारतूस बरामद हुए।

आग में झुलसा युवक बर्न वार्ड से भागा

बीकानेर,(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में भर्ती एक युवक ने दिनभर हंगामा मचाए रखा। इस वजह से डॉक्टर भी उसका इलाज नहीं कर पा रहे।

हनुमानगढ़ टिब्बी निवासी 42 वर्षीय छिंद्र सिंह को आग में झुलसने के कारण पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया था। पुलिस उसे सुबह करीब दस बजे भर्ती करवा गई। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने उसका इलाज शुरू कर दिया। करीब एक घंटे में ही उसने ड्रिप, कैनूला और यूरिन की नली निकाल दी और बर्न वार्ड से भाग गया।

अर्ध जली हालत में वह पैदल ही गांधी पार्क तक पहुंच गया। गन्ने का रस बेचने वालों के पास उसे बैठा देखा तो लोगों ने बातचीत शुरू कर दी। युवक के नशे की हालत में होने के कारण लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम सूचना दे दी। कुछ ही देर में पुलिस पहुंच गई और युवक को एम्बुलेंस में बैठाने लगी तो

- **वापस पकड़ने गए दो पुलिसवालों के हाथ पर काटा**

उसने भागने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने उसे जबरन बैठाने का प्रयास किया तो उसने दो पुलिसकर्मियों के हाथ पर काट लिया। किसी तरह युवक को वापस बर्न वार्ड लाकर भर्ती करवा दिया गया।

यूनिट इंचार्ज डॉ. मोहम्मद सलीम ने बताया कि युवक नशे की प्रवृति का है और आग से 50 प्रतिशत झुलसा हुआ है। इलाज नहीं करवा रहा है। पीबीएम पुलिस चौकी प्रभारी साहबराम ने बताया कि टिब्बी पुलिस उसके बयान लेकर गई है। थाने में केस दर्ज है।

युवक की देखभाल के लिए कोई नहीं है। घर में उसकी मां है, जो यहां आ नहीं सकती।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3896 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.4.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सविता रानी पत्नी श्री विनय कुमार निवासी म.नं. 3, गली नं. 5, नेहरा नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 किला नं. 15 भू.सं. एमई-121 माप 25 इंटू 50 फीट, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का पट्टा सं. 4312 दिनांक 23.6.2015 को श्री तरूण बंसल पुत्र श्री सत्यपाल बंसल के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामांतरण उपरांत शकुंतला देवी पत्नी श्री हजारी लाल के नाम से न्यास रिकार्ड में दर्ज है।	श्रीमती सविता रानी द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 19.3.2025 द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती सविता रानी पत्नी श्री विनय कुमार निवासी म.नं. 3, गली नं. 5, नेहरा नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1586 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 19.4.2025

न्यास कार्यालय में मैसर्स वेंकटश्वरा इन्फ्रा बिल्ड प्रा. लि. श्रीगंगानगर जरिये डायरेक्टर्स श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री शंकर दास, श्री मनोज धींगड़ा पुत्र श्री गोविन्द प्रकाश निवासीयान श्रीगंगानगर द्वारा चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 51 के खाता संख्या 76 के किला नं. 3 ता 8 व 13 में कुल 1. 771 है. व किला नं. 11/2 में 0.051 है., किला नं. 20 में 0.253 है., किला नं. 21/1 में 0. 228 है. कुल 0.532 है. व खाता संख्या 79 में किला नं. 1, 2, 9, 12 व 14 ता 19 में प्रत्येक सालम कुल 2.530 है. व किला नं. 10 में 0.253 है. व किला नं. 11/1 में 0.202 है. कुल 0. 455 है. यथाकुल 5.288 हैक्टेयर भूमि की धारा 90-ए की कार्यवाही न्यास आदेश संख्या प्रा.अ. यूआईटी/14/549 दिनांक 21.01.2014 द्वारा पूर्ण की जा चुकी है। उक्त भूमि का वरिष्ठ नगर नियोजक बीकानेर के कार्यालय पत्रांक बीकेजेड/2522-10/ एसजीआर/2491 दिनांक 13.12.2013 को स्वीकृत किया गया है। उक्त भूमि का प्रमाण पत्र क्रमांक टीपी/2014-15/132 दिनांक 12.06.2014 द्वारा जारी है। स्वीकृत ले आउट प्लान में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी ब्लॉक में न्यास स्तर पर गठित ले आउट प्लान समिति की बैठक दिनांक 11.08.2014 के कार्यवाही विवरण क्रमांक टीपी/2014-15/306 दिनांक 11.08.2014 के एजेण्डा संख्या 04 द्वारा ईडब्ल्यूएस व एलआईजी भूखण्डों का पार्ट ले आउट प्लान स्वीकृत किया गया है। संबंधित खातेदार द्वारा उक्त योजना का पूर्व में नाम 'सिटी बॉलीवुड' रखा गया है। उक्त भूमि का प्रमाण पत्र टीपी/2014-15/132 दिनांक 12.06.2014 द्वारा जारी है। वर्तमान में खातेदारान द्वारा उक्तयोजना का नाम परिवर्तन कर 'केसरिया एन्कलेव' किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जारी प्रमाण पत्र, यूओनोट एवं अन्य संबन्धित समस्त पत्रावलियों में उक्तयोजना का परिवर्तित नाम ही पढ़ा जावेगा एवं शेष शर्ते स्वीकृति पूर्वानुसार यथावत रहेगी। अतः उक्त स्वीकृत योजना के भूखण्डधारियों/पट्टाग्रहीताओं/हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि योजना का प्रस्तावित नवीन परिवर्तित नाम 'केसरिया एन्कलेव' किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की समयावधि में लिखित में आपत्ति सचिव नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

Rajkaj Ref. No. 14813033 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

सिपाही पर मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल

बीकानेर,(कासं)। श्रीगंगानगर रोड पर उरमूल डेयरी के बाहर ट्रेलर खड़ा करने की बात को लेकर विवाद हो गया। बीछवाल पुलिस पर ट्रेलर मालिक के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पूर्व पार्षद देवराज भाटी का भाई हंसराज अपना ट्रेलर रोज की तरह उरमूल डेयरी के बाहर खड़ा करके इंद्रा कॉलोनी में अपने घर जा रहा था। उसी दौरान बीछवाल एसएचओ गोविंद सिंह चारण वहां पहुंचे। नो पार्किंग में ट्रेलर खड़ा करने पर आपत्ति जताई। इसे लेकर विवाद हो गया। थाने के सिपाही और हंसराज के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। पीड़ित ने उनसे शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही किए बिना

- **उरमूल डेयरी के सामने रात 11 बले ट्रेलर खड़ा करने पर विवाद**

ही वे चले गए। एक युवक ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। भाजपा नेता भगवान सिंह मेड़तिया ने इस घटना पर रोष जताया। रात को 11 बजे हाईवे पर नो एंट्री कैसे हो गई। बीछवाल एसएचओ की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। एसपी को ज्ञापन दिया जायेगा। उधर एएसपी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि गाड़ी नो पार्किंग में खड़ी करने पर एसएचओ ने मना किया था। नहीं माना तो गाड़ी को जब्त कर लिया गया है।

स्कूल समय में बदलाव

बीकानेर, (कासं)। जिले में भीषण गर्मी, लू (हीट वेव) को देखते हुए जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट नम्रता वृष्णि ने आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा प्री-प्राइमरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार से सत्रांत तक विद्यालय का समय प्रात: 7 से प्रात: 11 बजे तक किया है। जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कार्यालय शिक्षा (ग्रुप-5) विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना में जिले मंष भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा द्वारा प्री-प्राइमरी से 8 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह समय किए जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। आदेशानुसार समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं का समय पूर्ववत रहेगा।

लक्ष्मी देवी हत्याकांड के चार आरोपी डिटेन, एसआईटी गठित

बीकानेर, (कासं)। अशोक नगर में लक्ष्मीदेवी नायक हत्याकांड में पुलिस ने चार आरोपियों को डिटेन कर वारदात में उपयोग में ली गई गाड़ी बरामद कर ली है। घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक के साथ हुई वार्ता के बाद परिजनों ने धरना उठा लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

सागर रोड स्थित अशोक नगर में पिछले दिनों अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर लक्ष्मीदेवी की हत्या कर दी थी। घटना के विरोध में कांग्रेस के पूर्व महासचिव सीताराम नायक के नेतृत्व में परिजन मोर्चरी पर धरने पर बैठ गए। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने उन्हें

- **मृतका के पुत्र विक्रम को संविदा पर नौकरी और 30 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाए। मांगों पर सहमति होने के बाद धरना समाप्त हो गया**

वार्ता के बुलाया। परिजनों की मांग थी कि आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही मृतका के पुत्र विक्रम को संविदा पर नौकरी और 30 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाए। मांगों पर सहमति होने के बाद धरना समाप्त हो गया।

एएसपी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि चार आरोपियों को डिटेन किया गया है। बाकी आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी जा ही है। अभियुक्तों द्वारा उपयोग में लाई गई गाड़ी बरामद कर ली गई है। मृतका के घर से कोलकाता की दो लड़कियां भी बरामद हुई हैं। इसे देखते हुए वहां अनैतिक कार्य होने का संदेह है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। वार्ता में आईपीएस विशाल जांगिड़, प्रेम नायक, गुमानाराम, पन्नाराम, भानीराम, ओमप्रकाश, मगनाराम केड़ली, राजेन्द्र बापेऊ, पुखराज सहित अन्य लोग शामिल हुए।

राजस्थान आवासन मण्डल

RAJASTHAN HOUSING BOARD

(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)

(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)

वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2025-26/61 दिनांक :- 21/4/2025

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री बलदेव सिंह भार्गव पुत्र श्री रामेश्वर भार्गव ने दुकान आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को दुकान सं.एस/11पवनपुरी दक्षिण विस्तार योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 13.50 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 1130 दिनांक 03.01.1992 को जारी किया गया था। उक्त दुकानउप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नही है।

तत्पश्चात श्री बलदेव सिंह भार्गव की मृत्यु दिनांक 15.03.2013 एवम् उनकी धर्मपत्नि श्रीमति शोभा देवी की मृत्यु दिनांक 24.07.2019 को हो जाने कारण उनके पुत्र श्री निपेश भार्गव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करा दिया। उक्त आवास श्री निपेश भार्गव के नाम रिलीज डीड के माध्यम से किया गया। उक्त रिलीज डीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 10.03.2025 से पंजीकृत हैं।

श्री निपेश भार्गव पुत्र स्व.श्री बलदेव सिंह भार्गव ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री निपेश भार्गव पुत्र स्व.श्री बलदेव सिंह भार्गव का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन हैं। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री निपेश भार्गव पुत्र स्व.श्री बलदेव सिंह भार्गव का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद -विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर

बीकानेर की कला, संस्कृति एवं साहित्य अपने आपमें समृद्ध है : जेठानंद व्यास

बीकानेर, (कासं)। राजस्थानी साफा-पाग, कला संस्थान एवं थार विरासत की ओर से नगर स्थापना दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजनों की श्रृंखला में आयोजित 7 दिवसीय 'उछब थरपणा' के तहत आज समारोह का समापन 35 युवा कलाकारों द्वारा 20 विभिन्न कला अनुशासनों की प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ संपन्न हुआ।

उछब थरपणा समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानन्द व्यास ने युवा कलाकारों की भव्य कला प्रदर्शनी का अवलोकन कर सभी 35 युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहन देते हुए सम्मान किया। जिसमें माला, सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह सभी को अर्पित किया गया। समापन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए विधायक जेठानन्द व्यास ने कहा कि बीकानेर की युवा कला

विधायक जेठानंद व्यास ने सात दिवसीय उछब थरपणा के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

प्रतिभाएं अपनी समृद्ध कला परंपरा से जुड़कर नवाचार कर रही है। यह एक सुखद पहलू है। जेठानन्द व्यास ने कहा कि किसी भी नगर की विकास की अवधारणा में जहां इन दिनों शिक्षा, स्वास्थ्य जल प्रबंधन बिजली आदि के साथ-साथ अध्यात्म, कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र मे भी नगर अपने वैभव को नये आयाम दे रहा है। व्यास

- **कई नवाचारों के साथ सात दिवसीय उछब थरपणा का समापन**

ने आयोजक संस्थाओं को साधुवाद देते कहा कि नगर स्थापना पर विभिन्न तरह के सात दिवसीय आयोजन युवा प्रतिभाओं को समर्पित करना महत्वपूर्ण है। व्यास ने कहा कि अन्य विकास की धारा के साथ विशेष तौर से कला और साहित्य के लिए जयपुर में ऐसे आयोजन करने का विचार रखता हूं ताकि बीकानेर की कला, संस्कृति एवं साहित्य जो अपने आप में समृद्ध है, जिसका वैभव पूरे प्रदेश में पहुंचाने का एक सकारात्मक उपक्रम करने का विचार है। समारोह के विशिष्ट अतिथि जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी.पी. पच्चीसीया थे।

दो नशा तस्कर गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। अलग-अलग थाना इलाकों में 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक तस्कर को चिट्टा तो दूसरे तस्कर को अफीम और लाखों रूपये की नकदी व एक कार सहित दबोचा है।

लालगढ़ जाटान थाना पुलिस ने थाना प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गुलाब अली पुत्र लाधूराम को गिरफ्तार किया। आरोपी वार्ड नंबर 6, बनवाली का निवासी है। उससे 07.30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चिट्टा बरामद किया गया। शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पिछले काफी समय से इस कारोबार से जुड़ा था और छोटे स्तर पर नशा बेचने का नेटवर्क संचालित करता था।

दूसरी कार्रवाई सदर थाना पुलिस ने की। दलवीर सिंह पुत्र पोहला सिंह निवासी जंडावाला जाटान, थाना औढ़ां, जिला सिरसा, हरियाणा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 3 किलो 185 ग्राम अफीम, 3,60,000 रुपये की नकदी और एक वर्ना कार बरामद की गई।

राजस्थान आवासन मण्डल

RAJASTHAN HOUSING BOARD

(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)

(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)

वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2025-26/62 दिनांक :- 21/4/2025

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री बलदेव सिंह भार्गव पुत्र श्री रामेश्वर भार्गव ने दुकान आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को दुकान सं.एस/10पवनपुरी दक्षिण विस्तार योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 13.50 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 1129दिनांक 03.01.1992 को जारी किया गया था। उक्त दुकानउप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नही है।

तत्पश्चात श्री बलदेव सिंह भार्गव की मृत्यु दिनांक 15.03.2013 एवम् उनकी धर्मपत्नि श्रीमति शोभा देवी की मृत्यु दिनांक 24.07.2019 को हो जाने कारण उनके पुत्र श्री निपेश भार्गव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शूल्क जमा करा दिया। उक्त आवास श्री निपेश भार्गव के नाम रिलीज डीड के माध्यम से किया गया। उक्त रिलीज डीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 10.03.2025 से पंजीकृत हैं।

श्री निपेश भार्गव पुत्र स्व.श्री बलदेव सिंह भार्गव ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री निपेश भार्गव पुत्र स्व.श्री बलदेव सिंह भार्गव का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन हैं। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री निपेश भार्गव पुत्र स्व.श्री बलदेव सिंह भार्गव का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद -विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर